तापमान

अधिकतम 37.6 डिग्री
न्यूनतम 27.1 डिग्री

हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार, 27 जून 2024



13 कैडेट्स नशे के खिलाफ लोगों को करेंगे जागरूक





14 बाढ़ नियंत्रण की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक




## शहर में आज

- पावर हाउस स्थित बिजली निगम कार्यालय में सुबह 11 से 4 बजे तक खुला दरबार
- पुलिस नशे को लेकर युवाओं को करेगी जागरूक
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- डीसी लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सुनेंगे समस्याएं

## बिजली कट

- सुबह 7 से 9 बजे तक 33 केवी सब स्टेशन वन सिटी सेक्टर-37 पर सामान्य मरम्मत कार्य के चलते बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

# जनता की समस्याओं के निदान में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी

## मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- जिले में बिजली व पानी की आपूर्ति की समीक्षा
- समाधान शिविरों में आने वाले शिकायतों का तुरंत समाधान करें

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि अधिकारी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें तथा जनता के प्रति जवाबदेह बनकर कार्य करें। लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए ताकि उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े। सरकार द्वारा रोहतक शहर में पेयजल भंडारण की क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। नायब सिंह स्थानीय सर्किट हाऊस में जिला के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी आम जनता के कार्य को गंभीरता से लें। सरकार द्वारा किसी भी कोताही को सहन नहीं किया जाएगा।

### जनता से अच्छा व्यवहार करें

सभी अधिकारी जनता से अच्छा व्यवहार करने के साथ-साथ लोगों को सुविधा प्रदान करें। उन्होंने गत दिनों जिला में पेयजल आपूर्ति तथा बिजली आपूर्ति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि गत दिनों करंट की चपेट से एएलएम की मौत की जांच की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई जाए। सुखपुरा चौक स्थित पावर हाउस के निकट करंट की चपेट में आने से सहायक लाइनमैन अक्षय की झुलसने के कारण मृत्यु हो गई थी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने समाधान शिविरों की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय को दुरुस्त करने के लिए अहम निर्णय लिया है, जिसके तहत प्रार्थी द्वारा वार्षिक आय से संबंधित स्वयं घोषणा पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों का संबंधित विभागों द्वारा यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी सरकार की योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर लागू करें ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान में यदि किसी प्रकार का कोई मुद्दा है तो सरकार को अवगत करवाया जाए ताकि उचित कदम उठाये जा सके।



रोहतक। सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### नालों की सफाई तेजी से करवाएं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बारिश के मौसम के दृष्टिगत सभी नालों की यथाशीघ्र सफाई सुनिश्चित करवाई जाये ताकि बारिश के दौरान शहर में जलभराव न हो। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे बिजली आपूर्ति को भी दुरुस्त रखें ताकि जलभराव की स्थिति में जल निकासी का कार्य बाधित न हो। लोगों को पर्याप्त पेयजल तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। वरिष्ठ अधिकारी निगरानी रखें। उपायुक्त अजय कुमार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा सरकार की हिदायतों अनुसार कार्य किया जाएगा।

### अब तक 841 शिकायतें मिली

उपायुक्त अजय कुमार ने समाधान शिविर के संदर्भ में कहा कि अब तक इन शिविरों में 841 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 344 का निपटारा कर दिया गया है तथा शेष शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि शिकायत प्राप्त होने से 2 से 4 दिन के अंदर शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। समाधान शिविर में प्रतिदिन लगभग 100 से 125 शिकायतें प्राप्त हो रही है।

# संविधान सुरक्षित, कांग्रेस हो रही खत्म : नायब

रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्षी दलों ने चुनावों के समय झूठ बोला कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो वे संविधान, आरक्षण को खत्म कर देंगे। जबकि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री ने इस देश को संविधान के अनुरूप ही चलाया है। आज संविधान तो सुरक्षित लेकिन कांग्रेस खत्म हो रही है। वे बुधवार को मदवि में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्लॉट आवंटन पत्र वितरित करने के बाद उपस्थित जन समूह को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम नायब सिंह ने कहा कि जिन परिवारों के 2 किलोवाट का कनेक्शन है, उन परिवारों द्वारा जितने यूनिट बिजली की खपत होगी, उतना ही बिल उपभोक्ता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद ये कहा था कि उनकी सरकार गरीब को समर्पित रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) के तहत 1 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों को हैप्पी कार्ड वितरित किए हैं। प्रदेश में ऐसे लगभग 23 लाख परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है।



### विपक्ष भर्ती रोको गैंग

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने गरीब परिवार, जिनके घर में नौकरी नहीं थी, उन बच्चों को नौकरी के लिए 5 नंबर देने का प्रावधान किया। लेकिन विपक्ष का भर्ती रोको गैंग गरीब को नौकरी नहीं करने देना चाहता। सरकार की इस व्यवस्था के खिलाफ ये भर्ती रोको गैंग सुप्रीम कोर्ट तक गया। हमनें सुप्रीम कोर्ट में इसकी लड़ाई लड़ी, लेकिन अब फिर हम रि-अपील दायर करेंगे। अगर फिर भी कोई रास्ता नहीं निकला तो हम विधानसभा से कानून बनाकर 5 नंबर देंगे और गरीब के घर पर नौकरी देने का काम करेंगे।

### प्लांट मिलने की खुशी



### बुजुर्ग से आशीर्वाद लेते मुख्यमंत्री



### महिलाओं को आवंटन पत्र देते मुख्यमंत्री



## खबर संक्षेप

### एमडीयू में एमटेक सिविल इंजीनियरिंग शुरू होगा

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सत्र 2024-25 से नया पाठ्यक्रम- एमटेक सिविल इंजीनियरिंग-ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग प्रारंभ करेगा। यूआईईटी निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने यूआईईटी में सत्र 2024-25 से नया पाठ्यक्रम एमटेक सिविल इंजीनियरिंग-ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान कर दी है। प्रो. युद्धवीर सिंह ने बताया कि इस नूतन पाठ्यक्रम में 30 सीटें उपलब्ध रहेंगी और इसमें प्रवेश की अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने यूआईईटी निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह और उनकी टीम को इस नए पाठ्यक्रम के लिए बधाई दी है।

### शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान



रोहतक। देशभक्ति स्मारक स्थल आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर अशोक सेठी की दूसरी बरसी के उपलक्ष में लगाया गया। अंकुश सेठी और सोनिया सेठी ने युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

### अवैध हथियारों सहित दो युवक गिरफ्तार, केस

रोहतक। पुलिस की टीमों ने अलग-2 स्थानों से दो युवकों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से दो देसी पिस्तौल व दो रौंद बरामद हुआ है। आरोपियों को कोर्ट में किया गया है। सीआईए-2 प्रभारी आजाद सिंह ने बताया कि बालचंद चौक सुनारियां के पास खडे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान रोहित निवासी न्यू जनता कॉलोनी के रूप में हुई है। वहीं पुलिस चौक काहनौर ने दीपक निवासी सुंडाना से भी अवैध हथियार व कारतूस बरामद किए।

# ठगी का आरोपी नूंह से गिरफ्तार, रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने खाते में 2 हजार रुपये देने का बहाना कर फर्जी तरह से 20 हजार रुपये का मैसज भेजकर 18 हजार रुपये की ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर हासिल किया। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि रिठाल फौगाट निवासी जसबीर ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि 20 जून को जसबीर के पास फोन आया। युवक ने जसबीर को कहा कि उसे दो हजार रुपये जसबीर को देने है और वह उस युवक की बात करवाता है। युवक ने जसबीर के पास 20 हजार रुपये का मैसज भेजा। जसबीर ने ध्यान नहीं दिया। युवक ने कहा कि 18 हजार रुपये उसे फोन पेय पर वापिस भेज दे। जसबीर ने युवक के पास 18 हजार भेज दिए। जसबीर ने 20 हजार रुपये का मैसज चैक किया तो मैसज फर्जी निकला। जांच के दौरान 23 जून को आरोपी अरमान निवासी गांव बिछौरा जिला नूंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपी को 24 जून को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर हासिल किया गया।



# मरणोपरांत नेत्रदान पर प्रेमकुमारी के परिवार को किया सम्मानित



रोहतक। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रेम कुमारी पत्नी कमल किशोर निवासी शिवाजी कालोनी के परिवार को उनकी रस्म पगड़ी पर नेत्रदान करवाने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्व नेत्र अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा, नेत्र अधिकारी डॉ. नीरज दुआ के माध्यम से शोक संदेश एवं प्रशंसा पत्र भेजा गया। शोक संदेश में डॉक्टर अनिल बिरला ने प्रेमकुमारी के निधन पर शोक प्रकट किया और परिवार का नेत्रदान करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। पूर्व नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने नेत्रदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृत्यु के बाद 6 घंटे तक आंखें थोड़े से रखरखाव के बाद प्रयोग में लाई जा सकती हैं। हमें जल्द से जल्द 108 पर सूचना देनी होती है। दिनेश शर्मा ने नेत्रदान में ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर बेटी तमन्ना, दामाद प्रवीन सहित अन्य मौजूद रहे।

# कस्टमर केयर का कर्मचारी बनकर 11. 54 लाख रुपये ठगने वाले दो काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने कस्टमर केयर का कर्मचारी बताकर 11 लाख 54 हजार रुपये की ठगी की वारदात में शामिल दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को कोर्ट में पेश कर चार दिन रिमांड पर लिया है। साइबर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि आर्य नगर रोहतक निवासी अनिता ने शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके आधार पर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि अनिता ने ऑनलाइन एप मंत्रा से एक साड़ी खरीदी थी। जिसे वापस करने के लिए अनिता ने गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। अनिता को गूगल पर मिले मोबाइल फोन नंबर पर फोन किया। अनिता के फोन मिलाने पर युवक ने अपने आप को कस्टमर केयर का कर्मचारी बताया। अनिता को शक होने पर अनिता ने फोन कट कर दिया। कुछ समय बाद अन्य मोबाइल से फोन आया।

युवक ने अनिता को डिटेल देने को कहा। युवक ने अनिता को कहा कि वाट्सएप नंबर से उसके पास मैसेज भेजे गए है, जिसमें एपीके फाइल थी। युवक के बताए अनुसार अनिता ने डिटेल भर दी।



### झारखंड से दबोचा

अनिता ने अपना आधार कार्ड नंबर भरने पर अनिता के पास ओटीपी आया। अनिता ने युवक के कहने पर ओटीपी बता दिया। ओटीपी बताने पर अनिता के बैंक से रुपये कटने के मैसेज आने लगे। अनिता ने फोन कट कर मैसेज चैक किया तो उसके खाते से कुल पांच लाख रुपये कटे हुए मिले। फिर अनिता के मोबाइल पर छह लाख 54 हजार रुपये कटने के मैसेज प्राप्त हुए। अनिता के खाते से कुल 11 लाख 54 हजार रुपये कट गए। मामले की जांच पीएसआइ सीमंत ने की। जांच के दौरान 22 जून को आरोपित जाहिद निवासी पथचरपटी जिला देवघर, झारखंड व सफाकत निवासी पिडारी जिला देवघर झारखंड को देवघर झारखंड से गिरफ्तार किया।

# मांगों को लेकर रोडवेजकर्मी गरम, भूख हड़ताल पर रहे

## कर्मचारियों का आरोप, परिवहन मंत्री के साथ बैठक में सहमति के बाद भी परिपत्र जारी नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- कर्मचारी सुबह दस से शाम चार बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल पर रहे

मांगें पूरी न होने से नाराज हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले कर्मचारियों ने सांकेतिक भूख हड़ताल कर विरोध प्रकट किया। रोडवेज कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोहतक डिपो में सांकेतिक भूख हड़ताल की और कर्मशाला प्रबंधक को ज्ञापन भी सौंपा। भूख हड़ताल में जयकुंवार दहिया, रोहित देशवाल, अनिल धनखड़, मनजीत दलाल, सत्येंद्र, सतीश नांदल, जयवीर हुड्डा, नरेश बल्हारा, नवीन पंघाल आदि कर्मचारी शामिल रहे। सांझे मोर्चे के वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र सिंहरोहा,अमित महाराणा, सुमेर सिवाच ,दिनेश हुड्डा ,जगदीप लाठर, ओम प्रकाश ने बताया कि 23 जून 2023 की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियों की अध्यक्षता में मोर्चे के प्रतिनिधि मंडल की वार्ता हुई थी, जिसमें चालक, परिचालक का पे ग्रेड बढ़ाने, 2016 के चालकों को पक्का करने, 2002 के चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करना, सहायक स्टोर कीपर व सहायक कैशियर पद समाप्त करना, चालकों की स्टैंड इंचार्ज का पद सृजित करके प्रमोशन करना, कर्मशाला कर्मचारी को तकनीकी वेतनमान देना आदि मांगों पर सहमति बनी थी। जिसके परिपत्र जारी करने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन आज तक मांगों नहीं किया गया। वहीं दूसरी ओर कर्मचारी व विभाग विरोधी फरमान जारी किए जा रहे हैं।



रोहतक। कर्मशाला प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के सदस्य।

### 14 जुलाई को घेराव की चेतावनी

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार व अधिकारी समय रहते कर्मचारियों की समस्याओं व मांगो का समाधान करें अन्यथा 14 जुलाई को अंबाला स्थित परिवहन मंत्री आवास को प्रदेश भर के सभी डिपुओं के कर्मचारी घेराव करेंगे। साथ ही आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी।


खबरों के लिए हरिभूमि टीम

| | |
|---|---|
| मनोज वर्मा | 9253681012 |
| विजय अहलावत | 9253681025 |
| अमरजीत एस गिल | 8814999185 |
| नीरज वर्मा | 8814999188 |
| पंकज भाटिया | 9896363126 |
| छायाकार अनिल चहल | 9996236100 |







डॉक्टर सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## एक्सरसाइज करने से मिलेगी सरवाइकल पेन से राहत



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नीरज, रोहतक**

आपने यह नहीं बताया कि आपका प्रोफेशन क्या है, क्या आप लंबे समय तक कंप्यूटर या लैपटॉप के साथ काम करते हैं। मौजूदा समय में तमाम लोगों को सर्वाइकल की समस्या हो रही है, इसकी मुख्य वजह लंबे समय तक एक ही पोजिशन में बैठना है। अगर ऐसा कुछ है तो आपको सबसे पहले एक्सरसाइज शुरू करनी चाहिए, इसके लिए फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क करें और सर्वाइकल की कुछ एक्सरसाइज सीखकर उसकी प्रैक्टिस शुरू कर दें, जिससे आपको स्थायी रूप इस दर्द से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 31 वर्ष है। मुझे कुछ खाने का मन नहीं होता है। भूख महसूस नहीं होती है, कई घंटे कुछ ना खाने पर भी पेट भरा भरा-सा लगता है। कृपया इस समस्या का उपचार बताएं।**

**-अनुज, धमतरी**

आप बता रहे हैं कि आपको भूख नहीं लगती, इसका सामान्य कारण पाचन क्रिया प्रभावित होना होता है, जिससे खाया गया खाना डाइजेस्ट नहीं होता है। आप सबसे पहले खान-पान में थोड़ा परिवर्तन करें। तला, भुना खाना बंद कर दें। दोपहर के खाने में सलाद, दही और पपीता खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से तीन घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह थोड़ा परिवर्तन करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है, नहीं तो आप एक बार फिजिशियन डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 25 वर्ष है। कभी-कभी मेरे सिर के दाहिनी तरफ तेज दर्द होने लगता है। धूप में निकलने पर या गर्मी में यह प्रॉब्लम अधिक होती है। कृपया इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राजन, रायपुर**

माइग्रेन में ऐसे ही लक्षण देखे जाते हैं। तेज धूप में निकलने पर सिर दर्द हो जाता है। यह दर्द एक ओर होता है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि आप उन स्थितियों से बचें, जिससे आपका सिर दर्द शुरू होता है। आप डॉक्टर से संपर्क करके कोई मेडिसिन लिखवा लें और तेज दर्द होने पर उसे खा लिया करें।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर मैं चिंतित और तनावग्रस्त हो जाता हूं। टेंशन की वजह से कई बार मेरा ब्लड-प्रेशर भी बढ़ जाता है। कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे मैं चिंता और तनाव पर नियंत्रण रख सकूं।**

**-सदानंद, भोपाल**

इसका सबसे बेहतर तरीका है कि उन चीजों का समाधान करें, जिससे तनाव होता है। साथ ही आप सुबह-शाम आस-पास के पार्क में सैर और योग करें, इससे तनाव कम करने में मदद मिलेगी। अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा बढ़ रहा है तो जरूर आप चिकित्सक से संपर्क कर कोई दवा लिखवा लें और उसे नियमित ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर अकसर कील-मुंहासे निकल आते हैं। कई क्रीम यूज कर चुका हूं। लेकिन उनसे कोई खास फायदा नहीं हुआ। इनसे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-चेतन, डोंगरगढ़**

इस समस्या के लिए बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के क्रीम लगाकर आप एक्सपेरिमेंट ना करें। इससे समस्या कम होने के बजाय और बढ़ सकती है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। आपको वे कोई मेडिसिनल क्रीम एडवाइस करेंगे, जिनका नियमित रूप में इस्तेमाल करें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं फील्ड-जॉब करता हूं। धूप में बाहर रहने से मेरी स्किन टैन हो जाती है। कृपया बताएं कि टैनिंग और सन-बर्न से कैसे बचा जा सकता है?**

**-मंजीत, बिलासपुर**

टैनिंग से बचने के लिए आप कोशिश करें कि कम से कम धूप में निकलें। अगर धूप में निकलना अनिवार्य है तो त्वचा का एक्सपोजर कम से कम हो, इसके लिए हाथ पैर ढंक कर रखें। साथ ही सनस्क्रीन लगा सकते हैं। इसके अलावा आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से कंसल्ट कर लें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अवेयरनेस

रेखा देशराज

इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 7 करोड़ 50 लाख लोग डायबिटीज या मधुमेह से पीड़ित हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मधुमेह से पीड़ित इन लोगों में बड़े पैमाने पर (20 से 25 फीसदी तक) युवा हैं, जिन्हें आमतौर पर पहले लाइफस्टाइल बीमारियां कम हुआ करती थीं। लेकिन वर्तमान में डायबिटीज एक ऐसी जानलेवा लाइफस्टाइल बीमारी बन गई है, जिसने पूरी दुनिया पर अपना शिकंजा कसा है। इसके चलते हर साल दुनिया भर से 67 लाख लोग असमय मौत के मुंह में समा जाते हैं। अकेले भारत में ही 6 लाख से ज्यादा लोग हर साल डायबिटीज की वजह से समय पूर्व मर जाते हैं। इसलिए हर साल 27 जून को विश्व मधुमेह जागृति दिवस मनाया जाता है, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए।

### डिस्टर्ब लाइफस्टाइल का परिणाम

मधुमेह को साइलेंट किलर डिजीज इसलिए कहते हैं, क्योंकि चुपके से होने वाली एक जानलेवा बीमारी है। इसे होने से रोक पाना तो आसान होता है, लेकिन एक बार हो जाए तो फिर उससे छुटकारा पाना बहुत मुश्किल होता है। आमतौर पर मधुमेह बेतरतीब जीवनशैली का दुष्परिणाम होता है। इस दौर में युवाओं को ना सिर्फ सबसे ज्यादा मानसिक श्रम करना पड़ता है बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा तनाव में रहना पड़ता है, क्योंकि हर तरफ जिंदगी में भागम-भाग लगी हुई है। अगर अलग-अलग क्षेत्रों के मानदंडों के हिसाब से देखें तो इस समय जहां 20वीं सदी के मध्य के दशकों के मुकाबले काम-काज के घंटे औसतन 2 से 3 बढ़ गए हैं, वहीं देखने वाली एक बात यह भी है कि आज काम-काज का तौर-तरीका बेहद जटिल और तनावपूर्ण हो चुका है। पहले जहां इंसान मैन्युअल तरीके से काम किया करता था, तो उसके काम-काज में गंभीर प्रतिस्पर्धा नहीं होती थी, लेकिन आज इंसान की सामान्य गतिविधियों में भी 50 प्रतिशत तक



तकनीक का हस्तक्षेप हो गया है, इसलिए आज काम-काज का तरीका बहुत तेज रफ्तार हो गया है, जो कि ज्यादा सजगता और लगातार ज्यादा मेहनत की मांग करता है।

### मेंटल प्रेशर भी है वजह

मौजूदा दौर में लोगों के बीच जानलेवा प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है और इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण बेहतर लाइफस्टाइल हासिल करने की होड़ है। क्योंकि इतिहास के किसी भी दौर से ज्यादा आज लोगों में उपभोक्तावादी प्रवृत्ति हावी है, इसलिए लोग ज्यादा से ज्यादा उपभोग करते हैं और ज्यादा से ज्यादा काम के बोझ से भी लदे रहते हैं। इन सब स्थितियों ने हमारी जीवनशैली को अतीत के मुकाबले ज्यादा आसान और सुविधायुक्त तो बनाया है, लेकिन ये सुविधाएं बहुत ज्यादा कीमत वसूल रही हैं। इस वजह से युवाओं में बहुत ज्यादा तनाव है, इस कारण पहले जो युवा मस्त और बेफिक्र हुआ करते थे, आज ऐसे युवा ढूंढ़ने पर भी नहीं मिलते। करियर से लेकर अच्छी नौकरी, आरामतलब लाइफ की चाहत और समय पर ईएमआई चुकाने का युवाओं पर जो भयानक दबाव है, उस दबाव को न झेल पाने के कारण हर साल भारत में हजारों नए युवा डायबिटीज के चक्रव्यूह में फंसने के लिए मजबूर हैं।


विशेषः विश्व मधुमेह जागृति दिवस

आमतौर पर डायबिटीज होने की मुख्य वजह गलत जीवनशैली और अनहेल्दी खान-पान को फॉलो करना होता है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में इसकी गिरफ्त में सबसे ज्यादा यंगस्टर्स ही आ रहे हैं। आज विश्व मधुमेह जागृति दिवस के अवसर पर यंगस्टर्स को डायबिटीज के प्रति अवेयर करने, उसके लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

## यंगस्टर्स में तेजी से बढ़ रही डायबिटीज की प्रॉब्लम







### यंगस्टर्स बरतें पूरी सावधानी

जीवनशैली की ऐसी स्थितियों को देखते हुए युवाओं को विशेष रूप से इस जानलेवा बीमारी से बचने की जरूरत है। पूरी दुनिया में जो 53 करोड़ 70 लाख लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, उनमें करीब 17 करोड़ युवा हैं। भारत में करीब एक करोड़ से ज्यादा युवा अलग-अलग टाइप की डायबिटीज से पीड़ित हैं। इसलिए उन्हें अपने खान-पान से लेकर दिनचर्या तक में ज्यादा से ज्यादा सजग और अनुशासित रहना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, चाहे युवा हों या अधेड़, डायबिटीज से तभी बच सकते हैं, जब हम इससे अतिरिक्त रूप से सजग रहें और डायबिटीज के शुरुआती लक्षणों के दिखते ही सही ट्रीटमेंट शुरू कर दें।

### इन लक्षणों पर रखें नजर

बहुत सारे युवाओं को यह समझना थोड़ा मुश्किल होता है कि क्या वे डायबिटीज से पीड़ित हैं? यह जानने का सबसे आसान तरीका डायबिटीज के कुछ लक्षण हैं। डायबिटीज का शुरुआती लक्षण ब्लड प्रेशर का बढ़ना है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ सकती है। अकसर तनाव में रहने के कारण भूख भी कम लगती है और आंखों के नीचे बहुत कम उम्र में ही काले-काले धब्बे दिखने लगते हैं। कुछ लोगों को जहां डायबिटीज में कम या बिल्कुल भूख नहीं लगती, वहीं कुछ दूसरे लोगों को ज्यादा भूख लगने लगती है। बार-बार थकान लगना, प्यास बहुत लगना, अचानक आंखों के सामने अंधेरा छा जाना और आखों की रोशनी का धीरे-धीरे कम होते जाना। डायबिटीज के ये सब लक्षण हैं और इसके कारण आप तेजी से बूढ़े दिखने लगते हैं। इसके अलावा याद्दाश्त कम होने लगती है और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से अरुचि हो सकती है। *

### बचाव का तरीका



**युवाओं को** डायबिटीज को लेकर विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। उन्हें इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए और इसके शुरुआती लक्षणों पर नजर भी रखनी चाहिए। इससे बचाव का सबसे आसान तरीका है कि नियमित रूप से एक्सरसाइज की जाए। फास्ट फूड या जंक फूड्स के सेवन से बचा जाए। हर दिन युवा मोबाइल स्क्रीन पर जो 4 से 5 घंटे का वक्त बिताते हैं, उसे घटाकर एक से सवा घंटे तक लाया जाए और हर दिन भरपूर नींद ली जाए। अगर ये उपाय किए जाएं तो युवाओं का डायबिटीज से आसानी से बचाव हो सकता है। लेकिन अगर आप डायबिटीज से ग्रस्त हो ही जाएं तो ट्रीटमेंट शुरू करने में देर नहीं करनी चाहिए। इससे उसे कंट्रोल किया जा सकता है।


सेल्फ ट्रीटमेंट

डॉ. मोहित गुप्ता
कार्डियोलॉजिस्ट
जीबी पंत हॉस्पिटल, दिल्ली

आमतौर पर कोई सामान्य या गंभीर रोग होने पर मेडिकल ट्रीटमेंट की सलाह दी जाती है। यह तो जरूरी है ही लेकिन इसके साथ ही अगर आप सकारात्मक सोच के साथ निरंतर निरोग होने का संकल्प लेते हुए ध्यान भी करें तो चमत्कारी लाभ होता है।

## गंभीर रोगों में भी कारगर संकल्प-सही सोच-ध्यान





हालांकि आज के दौर में कम ही लोग इस बात को मानते हैं लेकिन इसमें संदेह नहीं कि दृढ़ संकल्प से कोई भी कार्य सिद्ध हो सकता है। हमारा मन ही अपने संकल्पों को दृढ़ या कमजोर करता है। कई बार हमें अपने संकल्पों पर विश्वास ही नहीं होता है कि वह पूरा भी होगा। इससे हमारी संकल्प की शक्ति कमजोर पड़ जाती है। अपने संकल्पों की शक्ति को किसी भी परिस्थिति में कमजोर ना होने दें। यदि हमारे मन की स्थिति सकारात्मक है तो संकल्प जरूर पूरा होता है। बीमारियों के इलाज में भी यह बात लागू होती है।

**ट्रीटमेंट में कारगर है संकल्प शक्तिः** आंतरिक शक्ति यानी संकल्प से किसी भी रोग का इलाज हो सकता है। इस बात को समझना बेहद जरूरी है कि हमारी सोच ही हमें बीमार और अच्छा बनाती है। जब मरीज हमारे पास आते हैं और हम उनके अंदर हिम्मत और उल्लास भरते हैं तो वह हील करने लगता है। आज साइंस भी मान चुका है कि मजबूत मनोबल वाले मरीजों का जब इलाज किया जाता है, तब दूसरे मरीजों की अपेक्षा वे जल्दी स्वस्थ होते हैं।

**ध्यान-योग बढ़ाए सकारात्मकताः** सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए योग और राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करना बेहद प्रभावी है, क्योंकि यह हमारे संकल्पों को पावरफुल बनाता है। जब हमारा दृष्टिकोण पॉजिटिव और पावरफुल होगा, तब हमारा जीवन भी पॉजिटिव और पावरफुल होगा। लोग नकारात्मक दृष्टिकोण, नकारात्मक भावनाओं और परिस्थितियों को अपने मन में लंबे समय तक बैठा लेते हैं, जो हमें बहुत नुकसान पहुंचाती है। उसी तरह हमारे पुराने या निरर्थक संकल्प, नेगेटिव संकल्प हमारे अंदर सकारात्मक संकल्पों को आने ही नहीं देते हैं। इसके कारण अच्छी चीजों को देखने की हमारी शक्ति क्षीण हो जाती है। मेडिटेशन का अभ्यास हमें यह सिखाता है कि अपने दृष्टिकोण, सोच और व्यवहार को बदलें। जब हम अपने संकल्पों को बदलकर सकारात्मक करते हैं तो उससे हमारी दृष्टि, वृत्ति, कृति, संस्कृति और सृष्टि सब बदल जाती है।

**रोज दोहराएं सकारात्मक संकल्पः** किसी रोग की हीलिंग का काम केवल डॉक्टरों का ही नहीं है, बल्कि हीलिंग के लिए बहुत आवश्यक है कि अपने संकल्पों को बहुत पावरफुल बनाएं और उस पावरफुल संकल्पों को बनाने के लिए अपने मनोबल और सोच को भी पावरफुल बनाना बहुत आवश्यक है। रोग के लिए दवाई तो जरूर लें, लेकिन इसके साथ ही मेडिटेशन यानी ध्यान को भी अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। इसके अलावा रोज ईश्वर को आभार व्यक्त करने का अभ्यास जरूर करें। रात को सोने से पहले तीन संकल्प अवश्य करें- पहला, मैं अपने आज के कार्य को समाप्त करता हूं। दूसरा, आज का दिन बहुत परफेक्ट और अच्छा रहा। जो कुछ भी मेरे साथ हुआ, उस नेगेटिव और पॉजिटिव भावना को अपने मन में नहीं रखूंगा और हर आत्मा के पति शुक्रिया की भावना रखूंगा। तीसरा, मेरा आने वाला कल सुपर, परफेक्ट और वंडरफुल होगा। उसको मुझे पावरफुल तरीके से क्रिएट करना है।

इन संकल्पों का अभ्यास रोज पूरे दिन में करना है। रोज अपने मन की सफाई करनी है। अपने मन में पॉजिटिव और अच्छे संकल्पों को रखना है। जब भी आप कुछ खाएं तो परमात्मा की याद में खाएं, क्योंकि भोजन भी हमें हील करता है। दवाई भी परमात्मा को याद करके खाना चाहिए। इन सबसे आप शीघ्र स्वस्थ होंगे, निरोग जीवन जिएंगे। *

**प्रस्तुतिःसंध्या रानी**

हर्बल जोन

## कई रोगों में उपयोगी जल ब्राह्मी



जल ब्राह्मी या गोटू कोला एक बारहमासी पौधा है, जो अजमोद परिवार का सदस्य है। इसमें विटामिन बी, विटामिन सी, प्रोटीन और टैनिन जैसे कई महत्वपूर्ण तत्व पाए जाते हैं। हर्बल एक्सपट्र्स कहते हैं, अगर आप अपने स्किन का ख्याल प्राकृतिक तरीके से रखना चाहते हैं तो गोटू कोला को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**क्या है जल ब्राह्मीः** इसकी पत्तियां छोटे-मोटे पंख के आकार की होती हैं और इसमें सफेद या हल्के बैंगनी रंग के फूल आते हैं। इसका वैज्ञानिक नाम 'सेंटेला एशियाटिका' है। इसमें बहुत छोटे-छोटे अंडाकार फल निकलते हैं, जिनका कई औषधियों में इस्तेमाल होता है। लेकिन सबसे ज्यादा यह त्वचा को निखारने के लिए जानी जाती है। घावों को ठीक करने, मानसिक मंदता को दूर करने, कुष्ठ रोग और सोरायसिस के इलाज के लिए भी इसे यूज किया जाता है।

**त्वचा का रखवालाः** गोटू कोला नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह त्वचा को प्रदूषकों से होने वाले नुकसान से बचाता है। यह त्वचा की प्राकृतिक नमी को बरकरार रखता है और अत्यधिक गर्मी या सर्दी से त्वचा में आने वाली सूजन, लालिमा, रैशेज आदि को दूर करने में मदद करता है। यह त्वचा में कोलेजन को बरकरार रखता है, जिस कारण त्वचा कसी और चिकनी बनी रहती है। नियमित रूप से गोटू कोला का इस्तेमाल करने से त्वचा में झुर्रियों जैसे लक्षण बहुत कम दिखते हैं। इसके इस्तेमाल से जहां त्वचा साफ होती है, वहीं त्वचा में मौजूद नुकसानदायक टॉक्सिन भी बाहर निकल जाते हैं। गोटू कोला के एस्ट्रेंजमेंट स्वभाव के कारण ये चेहरे की त्वचा में मौजूद गैरजरूरी तेल को बाहर निकाल देता है और पोर्स को अच्छी तरह से साफ कर देता है, जिससे चेहरा बेहद निखरा-निखरा नजर आता है।

**कई रोगों में कारगरः** गोटू कोला में एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं। इसलिए इसके इस्तेमाल से त्वचा विभिन्न तरह के संक्रमणों से बची रहती है। अगर त्वचा में कहीं कोई घाव हो गया है तो गोटू कोला के नियमित इस्तेमाल से घाव बहुत जल्दी भर जाता है। यह तनाव भी कम करता हैं। जो लोग समय से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं, उन्हें गोटू कोला का इस्तेमाल किसी हर्बल एक्सपर्ट की देख-रेख में करना चाहिए। यह शरीर में कफ को कम करता है, वात को शांत करता है और पित्त के लिए टॉनिक है। यह आर्थराइटिस में भी कारगर है और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव के चलते इसका हमारे इम्यून सिस्टम पर भी सकारात्मक असर रहता है।

बहुगुणकारी होने के बावजूद गोटू कोला का इस्तेमाल हमेशा एक्सपर्ट की देख-रेख में ही करना चाहिए। * **-एफएमएन**

डाइट सजेशन

राजकुमार 'दिनकर'

देश-दुनिया के अनेक लोगों में ओवर वेट या ओबेसिटी एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। हालांकि इसे कंट्रोल करने में फिजिकल एक्टिविटी सबसे कारगर है लेकिन डाइट में बदलाव करके भी बढ़ते वेट को कंट्रोल कर सकते हैं।

## खान-पान में बदलाव से कर सकते हैं वेट कंट्रोल



कई-कई घंटे सिटिंग वर्क करना, काम की अधिकता और समय की कमी के कारण दिन भर अस्त-व्यस्त रहना, अनियमित दिनचर्या, ये कुछ ऐसी हैबिट्स हैं, जिनके चलते हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसका परिणाम सबसे पहले हमारी बढ़ी हुई तोंद यानी बैली फैट के रूप में सामने आता है। यह अकारण नहीं है कि आज देश-दुनिया में हर पांचवां नौजवान औसत से ज्यादा मोटा और हर आठवें नौजवान की तोंद बाहर निकली हुई है। हालांकि मिड और ओल्ड एज में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। ओवर वेटेड या एक्सट्रा बैली फैट वाली फिगर हमारी पर्सनालिटी को तो बिगाड़ती ही है, यह हमारे लिए कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी जन्म देता है।

**लापरवाही है मुख्य वजहः** बॉडी वेट बढ़ना इस बात का परिचायक है कि आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर लापरवाही बरतते हैं। अपनी लाइफस्टाइल पर ध्यान नहीं देते हैं और जरूरी फिजिकल एक्टिविटी नहीं करते हैं। इसके लिए डॉक्टर की सलाह पर वर्कआउट करने के साथ ही अपनी डाइट में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**पुदीना-सौंफ-मूलीः** अगर आपका बैली फैट बढ़ा हुआ है, तो आपके लिए पुदीना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। नियमित रूप से इसकी चटनी और पुदीने से बनी चाय पीजिए। जल्द ही एक्स्ट्रा फैट से निजात मिलेगी। आपके लिए सौंफ भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके लिए आधा चम्मच सौंफ को एक कप पानी में उबालें और फिर करीब 10 मिनट तक के लिए इसे ढंककर रख दें। इसके बाद इस पानी का सेवन करें। लगातार तीन महीने तक ऐसा करने से आपके बढ़े हुए वजन में कमी दिखने लगेगी। मूली को सलाद के रूप में खाने के अलावा इसके रस का सेवन करना भी वेट लूज करने में हेल्पफुल हो सकता है। दो बड़े चम्मच मूली के रस में शहद की बराबर मात्रा मिलाकर, इसे पानी के साथ पी लें। एक महीना ऐसा करने से आपके वजन में निश्चित रूप से फर्क दिखेगा।



**ये भी हैं फायदेमंदः** टमाटर और प्याज भी फैट कम करने में काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इसके लिए खाने के साथ टमाटर और प्याज के सलाद पर काली मिर्च पावडर और नमक डालकर खाइए। इससे बढ़ता वजन कम होने लगेगा। करेले की सब्जी खाने से भी वजन में फर्क पड़ता है। इसके लिए कम तेल में कटे हुए करेले की सब्जी खाएं लेकिन तले हुए करेले की सब्जी ना खाएं। ग्रीन-टी भी मोटापा कम करने में सहायक है। ग्रीन-टी का सेवन तभी फायदेमंद है जब इसमें चीनी और दूध ना मिलाया जाए। लौकी का जूस वजन घटाने का एक अच्छा माध्यम है। इससे आपका पेट भी भरा रहता है और इसमें मौजूद फाइबर्स शरीर को स्वस्थ रखते हैं। जाहिर है, मोटापा तो कंट्रोल में रहता ही है। अपने वेट को लूज करने में गाजर की भी काफी उपयोगिता है। इसके लिए खाना खाने से कुछ देर पहले गाजर खाएं। गाजर का जूस भी वजन कम करने में सहायक होता है। पपीता भी फायदेमंद है। लंबे समय तक पपीते का सेवन फैट को कम करता है। मोटापा कम करने के लिए छाछ का सेवन भी काफी उपयोगी है। लेकिन लस्सी की तरह इसे ना पीएं। कहने का सार यही है कि शारीरिक मेहनत करने के साथ खान-पान में यहां बताए गए बदलाव के जरिए भी आप अपना बैली फैट कम कर सकते हैं, मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। लेकिन वेट लूज करने के लिए यहां बताई गई किसी भी डाइट को फॉलो करने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *



## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री से मिला इनसो प्रतिनिधिमंडल

**रोहतक।** छात्र संघ चुनाव व कॉलेज, यूनिवर्सिटी के छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर इनसो प्रतिनिधिमंडल ने छात्र नेता दीपक मलिक के नेतृत्व में इनसो प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बुधवार को यूनिवर्सिटी में आए हुए थे। मलिक ने मुख्यमंत्री से कहा कि प्रदेश में छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाएं। जिस से छात्रों की राजनीति में भागीदारी तय हो। सरकारी विश्वविद्यालयों को ज्यादा से ज्यादा को ग्रांट देने, लड़कियों के लिए अलग से 600 बस की व्यवस्था करने की मांग दीपक ने की है।

### होटल एसोसिएशन के प्रधान अशोक का निधन

**रोहतक।** रिवोली होटल के संचालक और समाजसेवी अशोक



भांबरी का गत 24 जून को निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। वह अपने पीछे एक बेटा, तीन बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है। उनके बेटे गौतम भांबरी ने बताया कि उनकी रस्म क्रिया 6 जुलाई को शहीद मदन लाल धींगड़ा कम्यूनिटी सेंटर में होगी।

### सीएम ने कृष्णमूर्ति हुड्डा का हालचाल जाना

**रोहतक।** मुख्यमंत्री बुधवार को भाजपा के राज्य प्रवक्ता कृष्णमूर्ति हुड्डा के निवास पर पहुंचे और उनका कुशलक्षेम जाना। पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का घर पर आने पर आभार प्रकट किया। कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने मुख्यमंत्री को चिड़ी माइनर को पक्का करने के लिए ज्ञापन दिया। साथ ही गढ़ी सांपला किलोई हल्के में पंचायतों को विकास के लिए राशि देने के लिए आग्रह किया।

### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दी सलाह

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स डे के उपलक्ष्य में एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन करवाया गया। स्वास्थ्य विभाग में हैल्थ इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत सुनील अहलावत ने इस विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आज के समय में युवाओं में ड्रग्स सेवन की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह समस्या न केवल युवाओं के लिए बल्कि हमारे सामाजिक ढांचे के लिए भी घातक है। इसी ड्रग्स ने हमारे पंजाब जैसे खुशहाल राज्य को भी बर्बादी की तरफ धकेल दिया है।

# जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए सभी दें सहयोग: उपायुक्त

उपायुक्त अजय कुमार ने जिला की ऐसी 7 ग्राम पंचायतों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने जिला की ऐसी 7 ग्राम पंचायतों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जहां पर टीबी का एक भी मरीज नहीं है। केंद्र व राज्य सरकार की संयुक्त पहल पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत निर्धारित मापदंडों पर खरा उतरने वाली इन ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया है। उपायुक्त अजय कुमार ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला की भैणी महाराजपुर, घुसकानी, जैतपुर, मसूदपुर, गरनावठी, मोर खेड़ी और कारौर ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया। उन्होंने जिला वासियों का आह्वान किया कि वे रोहतक को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए टीबी मुक्त भारत अभियान में पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक सर्वे करवाया गया था। सर्वे के तहत एक हजार की आबादी पर कम से कम 30 लोगों की प्रति वर्ष टीबी हेतु बलगम जांच जरूरी है।

अजय कुमार ने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के मापदंडों में एक हजार की आबादी पर कम से कम 30 लोगों की प्रतिवर्ष जांच, एक हजार की आबादी पर एक या एक भी टीबी का मरीज नहीं मिलना, इलाज की सफलता दर 85 प्रतिशत रहना, बलगम टीबी से संबंधित सभी मरीजों का सीबीएनएएटी टेस्ट होना, निक्षय पोषण योजना के तहत सभी मरीजों को पोषण आहार के लिए 500 रुपये प्रतिमाह मिलना तथा निक्षय मित्र योजना के तहत सभी मरीज किसी न किसी दानी, सज्जन द्वारा गोद लिये गए हो तथा दानी सज्जनों द्वारा पोषण आहार किट वितरित करना शामिल है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला व टीबी की उप सिविल सर्जन डॉ. कुमारी इन्दु ने कहा कि सभी 7 ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहन के तौर पर सम्मानित किया गया है। नामांकित ग्राम पंचायतों को गांधी जी की कांस्य की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र दिए गए। प्रथम वर्ष कांस्य की प्रतिमा व निर्धारित मापदंडों पर लगातार खरे उतरने पर दूसरे वर्ष चांदी की प्रतिमा व तीसरी वर्ष सोने की प्रतिमा से सम्मानित किया जाएगा।

### टीबी मुक्त 7 ग्राम पंचायतें सम्मानित




**रोहतक।** टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत ग्राम पंचायतों को सम्मानित करते हुए उपायुक्त अजय कुमार ,सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला, डॉ. कुमारी इन्दु। *फोटो : हरिभूमि*

### समाधान शिविर में प्राप्त हुई 112 शिकायतें, 26 का मौके पर निपटारा

- उपायुक्त अजय कुमार के निर्देशानुसार समाधान शिविर आयोजित

उपायुक्त अजय कुमार के निर्देशानुसार लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। प्रति कार्य वर्ष सुबह 9 से 11 बजे तक जिला व उपमंडल मुख्यालय पर लोगों की शिकायतों के निवारण हेतु समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। बुधवार को आयोजित किए गए शिविर में 112 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 26 शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। शिविर में प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित 26 शिकायतें, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड से संबंधित 47 शिकायतें प्राप्त हुई। उपायुक्त अजय कुमार द्वारा अधिकारियों को समाधान शिविर में प्राप्त हुई शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के निर्देश जारी किए गए हैं।

## जूस की दुकान से एसी का आउटडोर चोरी

# राम भरोसे सेक्टर-2-3 की मार्केट आए दिन हो रही चोरी, दहशत

लगातार बढ़ रहीं चोरी की वारदातों से दहशत में दुकानदारों ने पुलिस गश्त बढ़वाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-2-3 की मार्केट चोरी के मामले बढ़ते ही जा रहे है। मार्केट में ना तो कोई पुलिस सुरक्षा है और न ही सीसीटीवी हैं। पूरी मार्केट भगवान भरोसे है। मार्केट में पहले भी कई बार चोरी की वारदाते सामने आ चुकी है। कई बार दुकानों के ताले भी तोड़ने की कोशिश की गई है। वहीं कुछ दिन पहले भी एक प्रॉपर्टी डिलर की दुकान के सामने से सीसीटीवी भी चोरी हो गए थे। सोमवार को ही जूस की दुकान की छत से एसी का आउटडोर चोरी कर लिया गया। इसकी सूचना दुकानदार ने डायल 112 पर दी। पुलिस ने मौक पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अर्बन स्टेट थाना पुलिस को दी शिकायत में राजेश कुमार ने बताया कि 24 जून को दुकान पर से एसी का आउटडोर चोरी हो गया है। शिकायत में बताया कि सुबह के समय जब एसी चलाया तो एसी ने ठंडक नहीं की। इसके बाद मिस्त्री को बुलाया गया। मिस्त्री ने एसी चैक किया तो बोला कि एसी का आउटडोर काम नहीं कर रहा है। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि दुकान के ऊपर छत पर जाकर चैक किया तो एसी का आउटडोर नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।




रोहतक। सेक्टर-2-3 की मार्केट।

### सेक्टरों में पुलिस चौकी बनाई जाए

पहले सेक्टर में पुलिस चौकी होती थी। लेकिन प्रशासन ने चौकी खत्म करके चोरों को दावत दी है। पहले चोरो के मन में पुलिस का डर होता था। अब चोर खुलेआम घुमते है। सेक्टरों में चौकी रखी जाए और मार्केट में पुलिस सुरक्षा बढ़ाई जाए। साथ ही प्रशासन द्वारा मार्केट में सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाए। **कदम सिंह अहलावत, पार्षद**

### कोई सुरक्षा नहीं

मार्केट में प्रशासन की तरफ से कोई सुरक्षा नहीं है। मार्केट में प्रशासन की तरफ से कोई सीसीटीवी भी नहीं लगा है। चोरी की वारदाते बढ़ी ही जा रही है। मार्केट में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। **नीरज कुमार, दुकानदार**

### मार्केट भगवान भरोसे

मार्केट में पहले भी चोरी की कई वारदाते सामने आ चुकी है। लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने कोई गश्त नहीं बढ़ाई है। पूरी मार्केट भगवान भरोसे रहती है। **बिजेंद्र कुमार, दुकानदार**



रोहतक। पुलिस की हिरासत में आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन सीवाईएसएस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ । *फोटो : हरिभूमि*

## छात्र नेता दीपक धनखड़ का दावा, उन्हें फैकल्टी हाउस बुलाकर नजरबंद किया

- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से नहीं मिलने देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दौरा किया। जिसमें विभिन्न छात्र संगठनों ने प्रदर्शन की चेतावनी दे रखी थी। संगठनों के प्रतिनिधियों को प्रशासन द्वारा प्रदर्शन न करने की बात कही गई व उन्हें बुलाकर आश्वासन दिया गया कि सभी छात्र संगठनों के दो सदस्यों को अपनी मांगे रखने के लिए मुख्यमंत्री से मिलवाया जाएगा। लगभग 10 छात्र संगठनों को फैकल्टी हाउस में बुलाया गया। जहां पर 9 छात्र संगठनों को मुख्यमंत्री से मिलवाया गया। वहीं आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन सीवाईएसएस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ को दूसरे कमरे में ले जाकर हिरासत में लेकर नजर बंद किया गया। यह दावा खुद दीपक ने किया है।

### सीएम को देना था ज्ञापन

दीपक धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री के सामने नई शिक्षा नीति ,विश्वविद्यालय में खाली पड़े रिक्त पद भरने , विश्वविद्यालय का खुद का कॉलेज बनवाने , रुकी हुई स्कॉलरशिप दिलवाने , छात्रसंघ चुनाव करवाने , बचे हुऐ कच्चे कर्मचारियों को एचकेआरएन के माध्यम से भारती करवाने , लड़कियों के लिए प्रदेश के हर गांव से लेकर कॉलेज तक बसें चलवाने , नई शिक्षा नीति रद करवाने , एमडीयू की ग्रांट बढ़वाने की मांग रखनी थी। लेकिन उन्हें नजरबंद कर लिया गया। जिसकी वजह से मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो सकी।

## नीट यूजी और पीजी परीक्षाओं में हो रही धांधली के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नीट यूजी व पीजी परीक्षाओ में हो रही धांधली के चलते मेडिकल सर्विस सेंटर (एमएससी) रोहतक यूनिट द्वारा बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से डीन पार्क पीजीआईएमएस में विरोध प्रदर्शन किया गया। एमएससी प्रेजिडेंट डॉ प्रियंका सैनी ने कहा कि इससे छात्रों की मनोस्थिति पर गहरा असर पड़ा है। उनका कहना है कि इससे छात्रों का अपनी मेहनत से विश्वास उठ जाएगा। वही दूसरी ओर डॉ सचिन शर्मा और डॉ पंकज बिट्टू का कहना हैं कि हमे एकजुट होकर इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। छात्रों ने बताया कि नीट पीजी की परीक्षा जोकि 23 जून को होने वाली थी, वह केवल 12 घंटे पहले स्थगित कर दी गई। जिसके चलते परीक्षार्थीओ को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ नीट यूजी परीक्षा के लीक होने के भी कई मामले सामने आए हैं और परीक्षार्थीओ को ग्रेस मार्क्स दिए गए। जिसका कारण एनटीए द्वारा समय की क्षतिपूर्ति बताया गया। समय की क्षतिपूर्ति ग्रेस मार्क्स से करना बिलकुल भी तर्कसंगत नहीं है। एमएससी का मानना है कि पेपर कराने वाली संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी को बखूबी तोर पर निभाएं तथा ऐसी धांधली के दोषियों को सजा दे। नीट यूजी की काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए।




## नेकीराम कॉलेज में विद्यार्थियो को पढ़ाया नशा मुक्ति का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्त दिवस व नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को पंडित नेकीराम कॉलेज में फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन रोहतक के एनसीसी कैडेट को नशे के विरुद्ध व नशे की रोकथाम बारे जागरूक किया गया। प्रभारी एएनसी इंचार्ज पीएसआई मनोज ने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्त दिवस मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत हर जगह फैल रहे नशे को रोकना है। उन्होंने कहा कि नशा ज्यादातर 40 से कम उम्र के लोगों में ज्यादा तेजी से फैल रहा है। युवा नशे के लिए नशीली दवाइया, ड्रग्स व नशीले पदार्थो का सेवन करते है। जिसकी लत युवाओं में तेजी से पड़ रही है। नशा व्यक्ति को अंदर से खोखला बना देता है। नशा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक व आर्थिक रुप से कमजोर करता है और अपराधों को जन्म देता है। हर व्यक्ति को ड्रग्स, नशीली दवाएं, गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस व अन्य प्रकार के नशे से दूर रहना चहिए। जिला पुलिस टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताया गया। लोगों को ड्रग्स का सेवन, नशीला दवाओं का सेवन, शराब या नशीले पदार्थ के सेवन से दूर रहकर एक स्वस्थ जीवन बताने बारे जागरुक किया। युवाओं को तंबाकू, शराब, गांजा या अन्य नशीले पदार्थो के सेवन ना करने बारे आग्रह किया। नशे से शरीर पर पड़ने वाले दुष्परिणामों बारे विवरण से बताया गया। रोहतक को नशे से मुक्त करने की दिशा में सभी से सहयोग के लिए अपील की। इस दौरान एकत्रित हुए मौजिज व्यक्तियों, महिलाओ व अन्य युवकों को बढ़ रहे नशे की रोकथाम के लिए जागरुक किया गया।



एनसीसी कैडेट को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए पीएसआई मनोज।

### नशे से होती है बीमारी

आमजन को नशे से होने वाली बीमारियों के बारे परिवार, महिला, बच्चों को जागरुक करें। नशेड़ी व्यक्ति अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए गलत तरीके अपनाता है। व्यक्ति छोटे-मोटे नशा करना शुरू करते है जिससे वे नशा करने के आदि हो जाते है। जिससे वे आपराधिक वारदातो को जन्म देते है।

### कार्यक्रम समन्वयिका प्रो. अंजू धीमान ने स्वागत भाषण दिया

# विनीता प्रथम, विश्वजीत दूसरा तो रेखा को तीसरा स्थान

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में बुधवार को इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग के उपलक्ष्य में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में युवा सहभागी बनें, नशे से दूर रहें। नशा युवाओं को खोखला कर रहा है, इससे युवा पीढ़ी को बचाना होगा। समाज में नशे बारे जागरूकता की अलख जगानी होगी। युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ना होगा। समाज को एकजुट होकर नशा मुक्ति का संकल्प लेना होगा। यह विचार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में बुधवार को इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उभर कर सामने आए। एमडीयू की यूथ रेड क्रॉस (वाईआरसी), यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम, नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) तथा नेशनल कैडेट कोर्पस (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान क्रिएटिव स्टोरीबोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें यूआईईटी की विनीता बल्हारा ने प्रथम, एलएन हिन्दू कालेज के विश्वजीत सिंह ने दूसरा व सीडीएस की हिमानी पं एनआरएस राजकीय महाविद्यालय की रेखा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आईएचटीएम के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में पीजीआईएमएस, रोहतक के निदेशक डॉ. एसएस लोहचब ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि नशे वैश्विक स्तर पर एक गंभीर समस्या बन चुका है। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और उनके नतीजों बारे लोगों के बीच जागरूकता फैलानी होगी। हमें एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करना है तो हमें हर प्रकार के नशे को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा, ऐसा उनका कहना था। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए यह जरूरी है कि हम स्वयं इसके प्रति जागरूक बनें तथा समाज के सभी लोगों को इस समस्या से मुक्त करवाएं।




रोहतक। आईएचटीएम के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि पीजीआईएमएस, रोहतक के निदेशक डॉ. एसएस लोहचब का स्वागत करते हुए यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के चीफ कंसल्टेंट प्रो. राजकुमार व उप निदेशिका डॉ. एकता नरवाल।

### ये रहे मौजूद

यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के चीफ कंसल्टेंट प्रो. राजकुमार ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन एनएसएस कोआर्डिनेटर डॉ. सविता राठी ने किया। आउटरीच प्रोग्राम की उप निदेशिका डॉ. एकता नरवाल तथा वाईआरसी काउंसलर डॉ. आशा शर्मा ने मंच का समन्वयन किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की निदेशक प्रो. विनीता शुक्ला, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजू पंवार, एनसीसी प्रभारी डॉ. विकास सिन्धु व डॉ. आरती चहल, वाईआरसी काउंसलर डॉ. धीरज खुराना, जाट कालेज से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जसमेर सिंह, वैश्य महाविद्यालय से वाईआरसी काउंसलर डॉ. विनीत बाला समेत वाईआरसी, एनएसएस, एनसीसी व यूनिवर्सिटी आउटरीच के अधिकारी, वालंटियर्स/कैडेट्स, एमडीयू के प्राध्यापक, गैर शिक्षक कर्मी, शोधार्थी, विद्यार्थी, शहर के गणमान्य जन रहे।



### नशा मुक्त भारत को निकाली साइकिल रैली

रोहतक। नशे को ना समिति द्वारा जाट भवन से दिल्ली रोड़ पर 50 किलोमीटर तक साइकिल रैली निकाली। जिसके माध्यम से किसी भी प्रकार का नशा ना करने का संदेश दिया गया। रैली का मार्गदर्शन नशे को ना समिति कि प्रधान स्वीटी मलिक ने किया और डॉ. जसमेर सिंह मुख्य संरक्षक सुनो नेहरो की पुकार मिशन ने हरी झंडी दिखाकर जाट भवन से रवाना किया। डॉ. जसमेर सिंह ने कहा कि समाज व देश की सबसे बड़ी ताकत युवा होते हैं और युवा आज लगातार नशे के गिरफ्त में जकड़ता जा रहा है। युवा को बचाने के लिए हमें और समाज को प्रयास करना होगा। स्वीटी मलिक ने कहा कि हमारा हरियाणा दूध, दही व देसी खाने के लिए प्रसिद्ध था लेकिन आज का युवा लगातार इस खान पान को छोड़कर नशे का आदि होता जा रहा है। उन्होंने अपील की कि समाज के प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा तभी हम नशे से बच्चों को और युवाओं को बचा पाएंगे।



रोहतक। पुलिस के साथ मौजूद अमन वशिष्ठ।

### हिरासत में लिए युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया। वशिष्ठ को पुलिस द्वारा इसलिए हिरासत में लिया गया क्योंकि उन्होंने प्रशासन को अप्रैल माह में एक ज्ञापन सौंपा था जिसमे उन्होंने मुख्यमन्त्री के रोहतक आगमन के दौरान उनसे मिलने की अनुमति मांगी थी। वशिष्ठ ने बताया कि वह मुख्यमन्त्री के सामने प्रदेश की बेरोजगार युवा शक्ति व सरकारी कर्मचारियों के जायज हकों की आवाज उठाने वाले थे। लेकिन उनकी मुलाकात करवाने की बजा उन्हें सीएम के रोहतक आगमन के दौरान हिरासत में रखा गया।

GAUR BRAHMAN AYURVEDIC COLLEGE AND HOSPITAL
VPO-BRAHMANWAS, DIST.- ROHTAK (HARYANA)-124001
e-mail ID:- gbayurvediccollege@gmail.com, Website:- www.gbayurvediccollege.com

TENDER NOTICE

Tender are hereby invited in respect of the Girls & Boys Hostel Mess & College Canteen services for a period of one year. The sealed tender application should be send by registered post in the office of Administrator, Gaur Brahman Vidya Parcharini Sabha, Gau-Karan Road, Rohtak before 5th July 2024. Tender will be open on 8th July 2024 at 11:00 am in the office of Administrator, Gaur Brahman Vidya Parcharini Sabha, Gau-Karan Road, Rohtak. Collect the tender application form, terms & condition & Menu may be downloaded from the College website.

Tender fee of Rs.1000/- also attached with tender application in the shape of DD in favour of Principal, Gaur Brahman Ayurvedic College & Hospital, Brahmanwas, Rohtak.

ADMINISTRATOR

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ COMPUTER OPERATOR 2
❖ CHEMIST SHOP STAFF 2
❖ PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



### बीजेपी को गरीबों का कभी ख्याल नहीं आया : ढांडा

**रोहतक** । आप के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के रोहतक दौरे के दौरान घोषणाओं को जुमला बताया। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी पिछले 10 सालों के दौरान कभी गरीबों की याद नहीं आई। अब लोकसभा चुनावों की हार और विधानसभा चुनाव में करारी हार के डर सीएम आनन-फानन में घोषणाएं कर रहे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार करने और नजरबंद करने पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कड़ी प्रति क्रिया दी। उन्होंने कहा कि हर बार बिना किसी कारण के आम आदमी पार्टी से जुड़े छात्र नेताओं को गिरफ्तार कर लिया जाता है। वहीं एमडीयू को सीएम की सुरक्षा के लिए छावनी में तब्दील कर रखा था। जबकि प्रदेश में आम जनता डर के साए में जीने को मजबूर है।

### भाजपा में शामिल होने की चर्चा निराधार: डंग

**रोहतक**। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुलशन डंग ने कहा कि पूर्व गृहमंत्री सुभाष बत्रा के भाजपा पार्टी में शामिल होने की चर्चा निराधार है। उन्होंने बताया कि वह कांग्रेस के प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। वे आईसीसी के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ महासचिव के अलावा 17 साल तक जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। साथ ही कांग्रेस की सरकार में गृहमंत्री रहे। उन्होंने कहा कुछ दिनों पहले उनकी मुलाकात पूर्व सीएम मनोहर लाल, किरण चौधरी सहित अन्य नेताओं के साथ हुई थी। जिसके बाद यह कयास लगाए जा रहे थे। आगामी विधानसभा में सुभाष बत्रा कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे।

### हिसार रोड से बाइक चोरी मामला दर्ज

**रोहतक**। हिसार रोड से एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव आन्नदपुर भाली का रहने वाला हूं। मैं अपनी मौसी के लड़के कपिल के पास किसी काम से आया हुआ था। मैं कपिल की मोटरसाइकिल लेकर अपने गांव चला गया और इसके बाद दोपहर 1 बजे वापिस अपने गांव से रोहतक के लिए चल। इसके बाद मैं हिसार रोड पर चला गया और मैनें अपनी मोटरसाइकिल सड़क पर खड़ी कर दी और चाबी उसी में छोड़ दी। इस दौरान एक दुकान पर चला गया। जब मैं वापिस आया तो मोटरसाइकिल चोरी हुई मिली।

# बाढ़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें अधिकारी : मुख्य सचिव

## मानसून से पहले मुख्य सचिव ने बाढ़ नियंत्रण की तैयारी की समीक्षा की

- अगले 24 घंटे में बाढ़ नियंत्रण की तैयारी पूरी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने बुधवार को मानसून से पहले बाढ़ नियंत्रण की तैयारी को लेकर प्रदेशभर के जिला उपायुक्त व अन्य अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उन्होंने प्रत्येक जिले के अधिकारी से बातचीत करते हुए रिपोर्ट ली और कहा कि जल भराव के स्थानों को चिन्हित करके सूची बनाएं और सभी विभागों के अधिकारी बैठकर अगले 24 घंटे के अंदर बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों को पूरी तरह अमलीजामा पहना दे। किसी भी सूरत में जलभराव नहीं होना चाहिए।

उपायुक्त कैंप कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्य सचिव प्रसाद ने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने फीडबैक लेते हुए कहा कि ग्रामीण और शहरी हिस्सों में जहां-जहां पूर्व में जल भराव होता रहा है, उस स्थान को चिन्हित करें। उसकी सूची बनाकर चंडीगढ़ भेजें। उपायुक्त अजय कुमार ने मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने मुख्य सचिव को बताया कि जिला के महम व जसिया क्षेत्र में जलभराव की समस्या ज्यादा रहती हैं। महम ड्रेन की पंपिंग क्षमता डबल कर दी गई है, जबकि जसिया ड्रेन पर जरूरत के मुताबिक पंप लगाए गए हैं। अर्बन एरिया में गुरु नानक पुरा, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड समेत अन्य कॉलोनी में डिस्पोजल बनाये गए है। सीवरेज और पानी की निकासी के अन्य नालों की सफाई जारी है। मुख्य सचिव प्रसाद ने कहा कि प्रदेश के सभी अधिकारी पंपिंग मशीन, डीजल व मैनपावर की पहले ही तैयारी रखें। जेसीबी लगाकर नालों व ड्रेन की सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि बाढ़ नियंत्रण की तैयारी को लेकर वह स्वयं प्रदेश का दौरा करेंगे और आगामी 1 जुलाई को दोबारा बैठक होगी, जिसमें समीक्षा की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी अधिकारी बेहतर तालमेल के साथ काम करें।



**रोहतक।** उपायुक्त कैंप कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्य सचिव प्रसाद ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक, सिंचाई विभाग के एसई दिनेश राठी, जनस्वास्थ्य विभाग के एसई आरके शर्मा, डीआरओ कनब लाकड़ा, एक्सईएन सिंचाई विभाग अरुण मुंझाल, एक्सईएन जनस्वास्थ्य विभाग तरुण गर्ग, नगर निगम के एक्सईएन मनदीप धनखड़ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सलाह पदाधिकारी मुख्यमंत्री से मिले, 21 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से स्कूल लैक्चरर की लंबित मांगों को लेकर स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से मिला। सलाह प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को अपना मांग पत्र सौंपा और उन्हें जल्द से पूरा करने की मांग की। साथ ही सलाह प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से शिक्षा विभाग के अधिकारियों की सलाह संगठन के साथ मीटिंग बुलाकर समस्याओं के समाधान की मांग रखी।



राज्य कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा, महासचिव अजय मलिक ने बताया कि स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन ने लेक्चरर वर्ग का 21 सूत्रीय मांग पत्र दिया है। सलाह प्रतिनिधि मंडल में राज्य कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा, महासचिव अजय मलिक, मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र मलिक, अरुण दांगी ,अशोक कुमार, संजीव शर्मा आदि शामिल रहे। इसके साथ साथ सलाह प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से ग्रीष्म अवकाश के दौरान परिवार पहचान पत्र को अपडेट करने के लिए लगाए गए।

### ये हैं मांगें

- ▶▶ पीजीटी/लेक्चरर की नवीनतम संशोधित वरिष्ठता सूची जारी करते हुए सभी को कन्फर्म किया जाए।
- ▶▶ पीजीटी/लेक्चरर से प्रिंसिपल की पदोन्नति सूची अति शीघ्र जारी हो
- ▶▶ पीजीटी/लेक्चरर से पहली पदोन्नति प्रिंसिपल के पद पर होती है तो पहली एसीपी में 5400 ग्रेड पे के स्थान पर प्रिंसिपल के पद का ही पे स्केल मिलना चाहिए।
- ▶▶ कॉलेज कैडर की तरह एसीपी 4,9,14 वर्ष में प्रदान की जाए।
- ▶▶ सभी हाई स्कूल को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में बदला जाए।
- ▶▶ सभी राजकीय विद्यालय, मॉडल संस्कृति स्कूल एवं पीएम श्री स्कूल को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत ही रखा जाए।
- ▶▶ स्कूल कैडर लेक्चरर से कॉलेज कैडर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति।
- ▶▶ राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को निजी स्कूलों में दाखिला करने की चिराग योजना की जाए
- ▶▶ हायर एजुकेशन की अनुमति व विदेश जाने के लिए एनओसी के लिए ऑनलाइन आवेदन हो।
- ▶▶ सभी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में भूगोल विषय व कन्या स्कूल में गृह विज्ञान का पद स्वीकृत होना चाहिए। जिस स्कूल में वाणिज्य संकाय व विज्ञान संकाय है उन सभी स्कूलों में संकाय से संबंधित सभी विषयों के पद होने चाहिए।
- ▶▶ शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य न लिया जाए।
- ▶▶ पीजीटी पदनाम के स्थान पर लेक्चरर (स्कूल कैडर) किया जाए।

### चोरी की दो वारदातों के दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक**। पुलिस ने चोरी की दो वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि शास्त्री नगर लाढ़ौत निवासी देवेंद्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 8 दिसंबर 2023 को देवेंद्र अपने भाई के साथ घर पर सो रहा था। सुबह कमरे का गेट खुला हुआ मिला। कमरे से मकान के कागज, मार्कशीट, सीपीयू, एलसीडी, चांदी के आभूषण, अन्य सामान व करीब 50 हजार रुपये चोरी हुए मिले। जांच के दौरान 25 जून को आरोपी सोमबीर निवासी फेतहपुरी कॉलोनी को गिरफ़्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ चोरी के 6 मामले दर्ज है। कलानौर थाना प्रभारी देशराज सिंह ने बताया कि सैंपल निवासी जैकी की शिकायत के आधार पर जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि जैकी अपनी परिवार सहित 21 जून को सोनीपत गया हुआ था।

### घिलौड कलां में बाइक चोरी

**रोहतक।** घिलौड कलां में बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। घिलौड़ कलां पुलिस चौकी ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। सत्यवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव घिलौड कलां का रहने वाला हूं। मैंने गांव में सैनिक सुपर मार्ट कैंटीन खोल रखी है। 24 जून को मैं अपनी मोटरसाइकिल लेकर अपनी कैंटीन पर आया और कैंटीन के सामने खड़ी कर दी।

# पर्वतारोही सचिन का खरक जाटान में किया सम्मान



**महम**। गांव खरक जाटान निवासी जगबीर के बेटे सचिन ने माऊंट एवरेस्ट की ऊंची चोटी फतह की है। सचिन चंडीगढ़ पुलिस में कार्यरत है। सचिन ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराया है। वहीं माउंट लोआत्से पर भी तिरंगा फहराकर देश का मान बढ़ाया है।सचिन ने बताया कि उसे अभियान को पूरा करने में दो महीने दो दिन का समय लगा है। उन्होंने बताया कि दो अप्रैल से अभियान की शुरुआत की गई थी और तीन जून को उनका अभियान पूरा हुआ जिसमें उसने माउंट एवरेस्ट व माउंट लोआत्से पर देश का राष्ट्रीय ध्वज फहराया है। गांव में पहुंचने पर सचिन का ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि सचिन ने महम चौबीसी का नाम रोशन किया है। चौबीसी सर्वखाप पंचायत प्रधान सुभाष नम्बरदार व उनकी टीम ने उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर खाप महासचिव मास्टर रामफल राठी, प्रवक्ता कृष्ण बडाली, महम तपा प्रधान महाबीर गोयत, खरक जाटान के सरपंच अजमेर, मास्टर विजय खत्री, निंदाना तपा प्रधान सूरजमल राठी व सन्दीप नहरा ने सचिन को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



### इंटर्नशिप स्टाइफंड के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** प्रदेश के सरकारी एवं सहायता प्राप्त मेडिकल एवं डेंटल कालेजों के एमबीबीएस और बीडीएस इंटर्नस के स्टाइफंड में बढ़ोतरी के लिए एक बार फिर से विद्यार्थियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपा। मदवि में एक कार्यक्रम में पहुंची सीएम के समक्ष एमबीबीएस और बीडीएस इंटर्नस ने अपनी मांगें रखी। इन्होंने बताया कि प्रदेश के सरकारी मेडिकल और डेंटल कालेजों में पिछले 6 वर्ष से इंटर्स को मिलने वाले 17 हजार रुपए स्टाइपेंड में बढ़ोतरी नहीं हुई है जबकि इस दौरान केंद्र सरकार के अधीन मेडिकल कालेजों में दो बार स्टाइपेंड में इजाफा किया जा चुका है। वर्तमान में केंद्र सरकार के अधीन मेडिकल संस्थानों में 30,070 रुपए स्टाइपेंड के तौर पर दिए जा रहे हैं जबकि हरियाणा राज्य के मेडिकल एवं डेंटल कालेजों में अभी भी केवल 17 हजार रुपए स्टाइपेंड दिया जाता है। एमबीबीएस और डेंटल इंटर्नस गत दो वर्षों से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, एसीएस चिकित्सा शिक्षा सहित राज्य सरकार एवं हेल्थ यूनिवर्सिटी के तमाम आला

# डीएवी स्कूल में शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियों और तकनीकों से अवगत करवाया

- कार्यशाला में 22 विद्यालयों के 560 शिक्षक भाग ले रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में डीएवी कॉलेज प्रबन्धकर्तृ समिति नई दिल्ली द्वारा शिक्षकों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन 26 से 28 जून तक किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियों व तकनीकों से अवगत करवाना रहा। जिसमें हरियाणा के अंतर्गत आने वाले 22 विद्यालयों के 560 शिक्षक भाग ले रहे हैं। विद्यालयों के प्रधानाचार्य विषय समन्वयक की भूमिका में उपस्थित रहे।

यह कार्यशाला नर्सरी कक्षा, अंग्रेजी, गणित, हिंदी, सामाजिक अध्ययन, विज्ञान, संस्कृत विषयों के शिक्षकों के लिए आयोजित की जा रही है। जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, कक्षा प्रबंधन, छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व शिक्षण की रोचक विधियों से अवगत करवाया। कार्यशाला का शुभारंभ सहायक क्षेत्रीय अधिकारी वीके मित्तल, नीलम गर्ग, संतोष तिवारी, क्लस्टर प्रमुख व प्रधानाचार्य शंकर लाल ने किया। प्रधानाचार्य ने कार्यशाला के महत्त्व पर प्रकाश डाला। वीके मित्तल ने प्रतिभागियों को नवीनतम शिक्षण विधियों का कक्षा में प्रभावशाली ढंग से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में शिक्षकों ने समूह गतिविधियों, प्रश्नोत्तरी और चर्चा में भाग लिया तथा अपने अनुभव सांझा किए।





# राजबीर सामणिया ने महम विस से कांग्रेस टिकट की ताल ठोकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

कांग्रेस नेता राजबीर सामणिया ने बुधवार को महम स्थित आवास पर एक प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने महम विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर अपनी दावेदारी पेश की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा महम हलके से विधानसभा चुनाव लड़ें। प्रदेश में कांग्रेस की लहर है। ऐसे में महम की जनता को खुशी होगी कि महम से चुनाव जीतकर चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रदेश के मुख्यमंत्री बनें। ताकि बाकि बचे महम क्षेत्र के विकास कार्य सम्पन्न हो सकें।

यदि भूपेंद्र सिंह हुड्डा यहां से चुनाव नहीं लड़ते हैं, तो वे भी महम से विस चुनाव के लिए कांग्रेस की टिकट के दावेदार हैं। न केवल आनंद सिंह दांगी यहां से टिकट के दावेदार हैं, बल्कि और भी कई साथी महम से टिकट पर अपनी दावेदारी पेश करेंगे। राजबीर सामणिया ने कहा कि जुलाई महीने में महम शहर या हलके के किसी गांव में वे कांग्रेस पार्टी का एक बड़ा कार्यक्रम करने जा रहे हैं। जिसमें पूर्व सीएम चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को आमंत्रित किया जाएगा। राजबीर सामणिया ने इनेलो की टिकट पर महम विधानसभा का चुनावा लड़ा था। इस चुनाव में इनको 28 हजार वोट मिले थे। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की नीतियों से प्रभावित होकर इन्होंने 2016 में कांग्रेस ज्वाइन कर ली थी। कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक आनंद सिंह दांगी के बेटे बलराम दांगी विस चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आनंद सिंह दांगी के रहते हुए महम से कांग्रेस की टिकट पर किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा दावेदारी जताना एक बड़ी चर्चा का विषय बन गया है। राजबीर सामणिया का कहना है कि पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता टिकट का दावा कर सकता है।



**महम।** पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस नेता राजबीर सामणिया।

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा महम हलके से विधानसभा चुनाव लड़ें : सामणिया

# 80 हजार से ज्यादा सामाजिक सुरक्षा पेंशन होगी शुरू : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

हरियाणा के सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्य मंत्री बिशंबर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इस माह 80 हजार से ज्यादा पेंशन शुरू की जाएगी। परिवार पहचान पत्र के आंकड़ों के आधार पर वृद्धावस्था पेंशन आयु पूरी होने पर स्वयं शुरू हो रही है। बिशंबर सिंह महम स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए सरकार द्वारा समाधान शिविर लगाये गए है। अब भी इन त्रुटियों को ठीक किया जा रहा है। मंत्री बिशंबर सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा चुनाव के लिए तैयार रहती है। बूथ स्तर तक पार्टी पूरी तरह मजबूत है। पन्ना प्रमुख तक पार्टी का प्रचार हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित में महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। हरियाणा सरकार विधानसभा में स्पेशल विधेयक लेकर आएगी। किसी की नौकरी को खतरा नहीं होगा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को रोजगार मुहैया करवाने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। इस अवसर पर राजेश निंदाना, सतबीर भराण, अजायब सैनी, ब्लॉक समिति के एडवोकेट अशोक व विकास मौजूद थे।



**महम।** पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत करते सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बिशंबर सिंह।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## शर्मा बोले- हारे हुए व्यक्ति की नैतिकता वह चुनाव तक चुप रहे

# कटारिया ने मांगा प्रधान शर्मा का इस्तीफा

- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पूर्व और वर्तमान प्रधान आमने-सामने

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक संघ के पूर्व प्रधान रणधीर सिंह कटारिया ने वर्तमान प्रधान राजकुमार शर्मा से इस्तीफा मांगा है। इस बारे में कटारिया ने बकायदा शर्मा को पत्र भेजा है। पत्र में इन्होंने राजकुमार शर्मा पर कई आरोप लगाए हैं। कहा गया है कि कर्मचारी यूनियन के कमजोर नेतृत्व की वजह से प्रशासन अपने मनमाने ढंग से काम कर रहा है। वह चाहे मकान पर पैनल रेंट की बात हो चाहे सामुदायिक केंद्र के चार्ज 8 गुना बढ़ाने की बात हो। फैकल्टी क्लब में लंच डिनर पर पाबंदी की बात हो प्रशासन के हर फैसले पर प्रधान चुप रहता है। प्रधान को इन सब बातों को लेकर लिखित में गेट मीटिंग के लिए कहा जाता है। लेकिन मीटिंग नहीं करता। गत 25 मार्च को लगभग डेढ़ सौ कर्मचारियों ने प्रधान को लिखित में आम सभा बुलाने की मांग की थी। लेकिन प्रधान ने गेट मीटिंग नहीं बुलाई। इसलिए राजकुमार शर्मा को प्रधान बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। प्रधान कर्मचारियों के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन के लिए नहीं ये कटारिया ने कहा है।



### दो के निलंबन पर चुपी

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पिछले छह सात महीने में दो कर्मचारियों को निलंबित किया। लेकिन मजाल है कि कर्मचारियों ने इसके विरोध में चूं तक की हो। एक कर्मचारी तो हाल फिलहाल के दिनों में ही सस्पेंड किया गया है। जब भी कर्मियों के हितों पर प्रशासन चोट करता है तो कर्मचारी यूनियन लामबंद हो जाती है। यूनियन का काम ही ये होता है। लेकिन एमडीयू में ऐसा पिछले दिनों तो हुआ नहीं। बल्कि संघ के पदाधिकारी तो ये कह रहे थे कि निलंबन सही किया गया है। दो-चार महीने पहले तो यहां तक कहा जा रहा था कि निलंबित कर्मचारी को बर्खास्त भी करवाया जाएगा। ऐसे में अब कोई भी ये अनुमान लगा सकता है कि संघ कर्मी हितों के लिए कहां खड़ा है। ध्यान ये भी रहे कि विश्वविद्यालय में नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में कर्मचारियों ने उम्मीद पाल रखी कि अपने किसी को नौकरी पर लगवा दिया जाएगा।

### कर्मचारी हित सर्वोपरि: शर्मा



प्रधान राजकुमार शर्मा ने कहा कि रणधीर कटारिया को मैंने चुनाव में हरा दिया था। इसलिए वे मेरे इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों ने मुझे वोट देकर प्रधान बनाया है। कटारिया ने नहीं है। रही बात यूनिवर्सिटी प्रशासन के निर्णयों की। जो भी कर्मचारी विरोधी फैसले विश्वविद्यालय ने लिए हैं, मैंने उनके खिलाफ ईसी की मीटिंग में विरोध दर्ज करवाया था। मैं आज भी अपने स्टैंड पर कायम हूं और आगे भी रहूंगा। मेरे लिए कर्मचारी हित सर्वोपरि हैं।